सहकारिता के क्षेत्र में समस्त गतिविधियों की समयबद्ध क्रियान्विति सुनिश्चित करें : राजपाल

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष एवं 'सहकार से समृद्धि' की समीक्षा बैठक

जयपुर। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 एवं 'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की समयबद्ध क्रियान्विति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने 'सहकार से समृद्धि' के इनिशिएटिव्ज के आधार पर जिलों की रैंकिंग तय करने एवं लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए।

राजपाल गुरुवार को नेहरू सहकार भवन में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष एवं 'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की जा रही गतिविधियों की समीक्षा कर रहीं थीं। बैठक में पैक्स कम्प्यूटराइजेशन, एम-पैक्स एवं ई-पैक्स का गठन, निष्क्रिय समितियों का अवसायन, फार्मर रजिस्ट्री कैम्प के अंतर्गत होने वाले कार्य, गोदाम निर्माण, जन औषधि केन्द्र, पीएम किसान समृद्धि कैम्प, एफपीओ एवं कॉमन सर्विस सेंटर्स सहित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई।

प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि जिन जिलों में डीसीडीसी (जिला सहकारी विकास समिति) की बैठक नहीं हुई है, उनमें एक सप्ताह के अंदर बैठक आयोजित करवाकर प्लान स्वीकृत करवाया जाए, ताकि कार्ययोजना को समयबद्ध रूप से मूर्त रूप दिया जा सके। उन्होंने पैक्स कम्प्यूटराइजेशन के कार्य में गति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि इसमें सहयोग नहीं करने वाले कार्मिकों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने गुरुवार को नेहरू सहकार भवन में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष एवं 'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की जा रही गतिविधियों की समीक्षा की।

श्रीमती राजपाल ने पैक्स कम्प्यूटराइजेशन में शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर चुके राजसमन्द जिले की सराहना करते हुए अन्य जिलों को भी इसका अनुसरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त अतिरिक्त रजिस्ट्रार (खण्ड) को इसकी नियमित रूप से समीक्षा करने एवं बेहतर कार्य करने वाले जिलों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

- 'सहकार से समृद्धि' के इनिशिएटिव्ज के आधार पर होगी जिलों की रैंकिंग

राजपाल ने कहा कि जिन पंचायत समितियों में अभी तक एम-पैक्स का गठन नहीं हुआ है, उनमें प्रयास कर यथाशीघ्र इनका गठन करवाया जाए। उन्होंने निष्क्रिय सहकारी समितियों के अवसायन की प्रक्रिया भारत सरकार की एसओपी के अनुरूप 30 जून, 2025 तक सम्पन्न करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने इसकी समयबद्ध रूप से क्रियान्विति सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर अवसायकों का पैनल तैयार करने के भी निर्देश दिए।

प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि जिन सहकारी समितियों में पहली किश्त जारी करने के बावजूद गोदाम निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ है, उनमें कार्य शीघ्र शुरू करवाया जाए। उन्होंने गोदाम निर्माण का कार्य शीघ्र शुरू नहीं किए जाने पर उसके निरस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू करने एवं राशि को ब्याज सहित वसूल करने के निर्देश दिए।

सार-समाचार

सी. एस. चैलेंजर कप : राजस्थान लेखा सेवा महिला टीम ने जीती बैडमिंटन ट्रॉफी

जयपुर। राजस्थान लेखा सेवा महिला टीम ने सी. एस. चैलेंजर कप बैडमिंटन ट्रॉफी पर तीसरी बार कब्जा कर लिया है। एसएमएस स्टेडियम में खेले गए फाइनल में राजस्थान लेखा सेवा महिला अधिकारी टीम ने चिकित्सा सेवा की डॉक्टर्स टीम को 2-0 से हराया। लेखा सेवा ने लगातार तीसरे साल यह ट्रॉफी जीती। फाइनल मैच में राजस्थान लेखा सेवा की लेखाधिकारी (परिवहन) सुनिता सैनी व लेखाधिकारी (कोषाधिकारी) जयपुर(शहर) महिमा और एसएमएस हॉस्पिटल की डॉ. अक्षी एवं डॉ. भारती के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। विजेताओं को मुख्य सचिव सुधांश पंत ने ट्रॉफी प्रदान की। फाइनल मैच में मुख्य सचिव सुधांश पंत, कार्मिक सचिव के. के. पाठक, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मालिनी अग्रवाल, संभागीय आयुक्त पूनम, जयपुर जिला कलेक्टर जितेंद्र सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

जनप्रतिनिधियों और आमजन के काम प्राथमिकता से करें : कुसुम यादव

जयपुर। हैरिटेज नगर निगम महापौर कुसुम यादव ने गुरुवार को निगम मुख्यालय में सिविल लाइन्स जोन के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से विकास कार्यों की जानकारी ली। साथ ही कहा कि जनप्रतिनिधियों से लेकर आमजन के काम प्राथमिकता से करें। मेरे पास कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए। बैठक में पार्षद भी मौजूद रहे। पार्षदों ने भी अपने-अपने वार्डों में हुए विकास कार्य और निर्माणाधीन कार्यों के बारे में जानकारी दी। पार्षदों की समस्याओं को सुनकर महापौर ने अधिकारियों से कहा कि इनको तुरंत दूर किया जाए। इस दौरान महापौर के द्वारा किए गए कार्यों को लेकर के सभी पार्षदों ने महापौर कुसुम यादव के कार्यकाल की तारीफ भी की और साथ ही इस बैठक की उन्होंने प्रशंसा भी की। सिविल लाइन जोन उपायुक्त सुनील कुमार बैरवा, महापौर के विशेष अधिकारी सुनील कुमार यादव, अधीक्षण अभियंता दिनेश कुमार, मनोज कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जयपुर के व्यापारी महाकुंभ स्नान के लिये प्रयागराज रवाना

जयपुर। जयपुर के प्रतिष्ठित उद्योगपति,ज्वैलर व बड़े व्यवसायियों का 26 सदस्यीय दल आज जयपुर से महाकुंभ स्नान हेतु जयपुर से आज प्रातः बीकानेर हावड़ा ट्रेन से रवाना हुआ। टीम लीडर राजू मंगोड़ीवाला के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने रेलवे स्टेशन पर भगवा झंडा फहराकर जय श्री राम के नारे लगाये।मंगोड़ीवाला ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिये सभी महाकुंभ की टी शर्ट पहने हुये जयकारे के साथ यात्रा करने रवाना हुये। ज्वैलर एसोसिएशन के वाईस प्रेसिडेंट राजू मंगोड़ीवाला ने बताया कि महाकुंभ के दौरान अमृत स्नान करने से जहां एक ओर व्यक्ति को जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है तो वहीं, दूसरी ओर मृत्यु के बाद व्यक्ति को मोक्ष मिल जाता है। सेवा कार्यों के संकल्प व समर्पण को लेकर प्रतिनिधिमंडल रवाना हुआ। रवाना होने वालो में प्रमुख रूप से ज्वेलर्स एसोसिएशन के वाईस प्रेसिडेंट राजू मंगोड़ीवाला, लहर चप्पल के चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल, कृष्णा रोलिंग मिल के अध्यक्ष विनोद गुप्ता, जिंदल स्टील के अध्यक्ष राजेश जिंदल, श्याम ग्रुप के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, डायमंड एसोसिएशन के अशोक केडिया, इन्वेस्टमेंट एडवाइजर पराग रुंगटा, फार्मा मेडिकल इक्विपमेंट्स से सुनील लोढ़ा , सूटकेस डायरीज से श्याम बजाज, प्लाईवुड के अध्यक्ष शिवाकांत फतेहपुरिया व उधोगपति रामकिशन अग्रवाल सहित दर्जनों व्यापारी सम्मिलित रहे।

1.66 लाख करोड़ रुपये के एमओयू को धरातल पर उतारने की सराहना

जयपुर। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने गुरूवार को 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट- 2024 के दौरान हस्ताक्षिरत किए गए एमओयू क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में उन्होंने केवल दो महीने में ही 1.66 लाख करोड़ रुपये के एमओयू को क्रियान्वयन के स्तर पर लाने के लिए विभिन्न विभागों की सराहना की और अधिकारियों को निवेशकों के साथ नियमित रूप से संपर्क बनाए रखने का भी निर्देश दिया। निवेशक इंटरफेस के शुभारंभ के लिए उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव को बधाई देते हुए पंत ने कहा कि यह पहल राज्य में 'ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस' और व्यापारिक प्रतिस्पर्धा बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके अलावा समिट में किए गए एमओयू के क्रियान्वयन में विभागीय सचिवों की महत्वपूर्ण भूमिका का ज़िक्र करते हुए पंत ने उन्हें निवेशकों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने के लिए कहा ताकि इन निवेश प्रस्तावों को सुचारु रूप से क्रियान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दूरदर्शी एवं सक्रिय नेतृत्व में सभी विभाग मिशन मोड में कार्य कर रहे हैं जिससे निवेश प्रस्तावों को तेज़ी से धरातल पर उतारा जाना संभव हो रहा है।

स्वस्थ नागरिक ही एक स्वस्थ और विकसित राष्ट्र के निर्माण का आधार हैं : दीया कुमारी

जयपुर। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुरुवार को राजस्थान इनफार्मेशन सेंटर में डिपार्टमेंट ऑफ यूरोलॉजी, सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज और वट्टीकूट्टी फाउंडेशन यूएसए द्वारा आयोजित के उद्घाटन कार्यक्रम में शिरकत की।

- 'एडवांस रोबोटिक और एआई तकनीक के माध्यम से चिकित्सा क्षेत्र में नई क्रांति आई हैं'

उन्होंने कहा कि एडवांस रोबोटिक और एआई तकनीक के माध्यम से चिकित्सा क्षेत्र में नई क्रांति आई है। एआई के माध्यम से बीमारियों का इलाज आसान हो जाता हैं। जिससे मरीज को सही समय पर सही इलाज मिल पा रहा हैं। आज एआई का प्रयोग भारत में मूलभूत ढांचे और सामाजिक जरूरतों को पूरा कर रहा है। डिजीटल इंडिया में एआई का प्रयोग चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार का माध्यम बना है। इसके माध्यम से विकास लक्ष्यों की यात्रा आसान और तेज हो जाएगी। ये तकनीक चिकित्सा क्षेत्र में लोगों के जीवन को बदलने में मदद कर सकती है।

केंद्र और राज्य सरकार आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक को अपनाने में अग्रणी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज देश में सस्ता और सुलभ इलाज उपलब्ध करवाते हुए चिकित्सा तन्त्र को मजबूत किया जा रहा है। देश के हर एक गांव तक चिकित्सा सुविधाएं और उपकरण उपलब्ध कराए जा रहें है। नए एम्स, अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, डिस्पेंसरी, जन औषधि केन्द्रों का निर्माण किया जा रहा है। सुपर स्पेशलिटी सुविधाओं के साथ रिसर्च को बढ़ावा दिया जा रहा है। राजस्थान में भी मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार चिकित्सा क्षेत्र के विकास में निरन्तर प्रयासरत हैं। प्रदेश में पहले साल के बजट में लगभग सत्ताईस हजार करोड़ का अभूतपूर्व चिकित्सा बजट स्वीकृत किया गया है। आयुष्मान भारत योजना की ही तरह राज्य में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की शुरूआत की गई है। जिसमें गम्भीर बीमारियों का इलाज आसान हो रहा है। आज केंद्र और राज्य सरकार शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

पंचायती राज विभाग द्वारा किए जा रहे नवाचारों को केरल सरकार के साथ साझा किया

मदन दिलावर ने इंस्टिट्यूट ऑफ़ लोकल एडमिनिस्ट्रेशन की ली बैठक

जयपुर। पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के नेतृत्व में पंचायती राज विभाग के शैक्षिणक दौरे पर राज्य सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल केरल पहुंचा।

केरल इंस्टिट्यूट ऑफ़ लोकल एडमिनिस्ट्रेशन, त्रिचूर में आयोजित बैठक में मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राजस्थान में पंचायती राज विभाग ग्रामीण स्वच्छता पर विशेष जोर दे रहा है। उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार का लक्ष्य आगामी दो वर्षों में प्रदेश को ग्रामीण स्वच्छता के मामले में देश में अग्रिम पंक्ति में लाकर खड़ा करना है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरी क्षेत्रों की तरह प्रतिदिन सफाई और कचरा संग्रहण की व्यवस्था की गई है।

दिलावर ने राजस्थान में संचालित अन्नपूर्णा रसोई,राष्ट्रीय ग्राम स्वराज्य अभियान,घुमंतू जाति के लोगो को पट्टा वितरण योजना, स्वामित्व योजना,स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण को लेकर जानकारी दी। साथ ही इंदिरा गांधी पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान द्वारा पिछले वर्ष करवाएंगे प्रशिक्षणों एवं राज्य स्तरीय 6 प्रशिक्षण संस्थानों की गतिविधियों के बारे में बताया।

पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के नेतृत्व में पंचायती राज विभाग के शैक्षणिक दौरे पर राज्य सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल केरल पहुंचा।

इससे पहले केरल राज्य में पंचायती राज के नवाचार तथा सशक्त पंचायती राज के बारे में वहां के अधिकारियों, प्रोफेसर, ट्रेनिंग इंचार्ज, फैकल्टी मेंबर्स के साथ जानकारियों को साझा किया। अधिकारियों द्वारा केरल राज्य में पंचायती राज सिस्टम के बारे में एक प्रस्तुतीकरण भी दिया गया।

राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा ''केमिकल, फिजीकल और मेटेरियल साइंस में नवाचार और कैरियर के अवसर'' विषय पर संगोष्ठी का पोस्टर ने जारी किया। संगोष्ठी की संयोजक प्रो.नीलिमा गुप्ता ने बताया कि संगोष्ठी का आयोजन एसएमसी-इंडिया, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुंबई और एसएमसी-जयपुर चैप्टर द्वारा संयुक्त रूप से 17 फरवरी को राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर में किया जा रहा है। संगोष्ठी में जयपुर विभिन्न शिक्षण संस्थानों के शिक्षक एवं छात्र भाग लेंगे।

जवाहर कला केंद्र में मांड गायन कार्यशाला 20 से

जयपुर। जवाहर कला केन्द्र की ओर से 20 फरवरी से 6 मार्च तक 15 दिवसीय मांड गायन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

प्रतिभागियों को प्रसिद्ध मांड गायक पद्मश्री अलंकृत उस्ताद डॉ. अली मोहम्मद और उस्ताद डॉ. गनी मोहम्मद के सानिध्य में मांड गायकी सीखने का अवसर मिलेगा। पारिजात-2 दीर्घा में सायं 3 बजे से 6 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी केन्द्र की वेबसाइट पर मौजूद गूगल फॉर्म के जरिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 16 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागी कार्यशाला में निःशुल्क हिस्सा ले सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 18 फरवरी निर्धारित की गयी है।

- जवाहर कला केन्द्र की कार्यशाला में करें आवेदन

पचपदरा के गांवों की महिलाओं ने देखी विधान सभा

जयपुर। पचपदरा विधान सभा क्षेत्र के सात गांवों के महिलाओं और पुरूषों ने विधान सभा भवन और संग्रहालय को देखा।

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी का ग्रामीण महिलाओं ने आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन में पहली बार राजस्थान विधान सभा के ऐतिहासिक भवन को देखा है। ग्रामीण महिलाओं और पुरूषों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए स्वयं को गौरवान्वित महसूस किया। देवनानी ने ग्रामीण महिलाओं और पुरूषों के साथ छायाचित्र भी कराएं।

पूर्व विधायक अमराराम के साथ महाकुंभ में स्नान करने के बाद अपने गांव लौट रहे इस दल ने राजस्थान विधान सभा के राजनैतिक आख्यान संग्रहालय को भी देखा। दल में शामिल सभी 45 पुरूष और महिलाएं मूल रूप से कृषि और पशुपालन कार्य से जुडे हुए है। श्री देवनानी ने दल के सभी सदस्यों को कुम्भ यात्रा की बधाई भी दी।

- जीवन में पहली बार विधान सभा देखने पर देवनानी का जताया आभार
- प्रफुल्लित ग्रामीण महिलाओं ने विधान सभा का संग्रहालय भी देखा

पचपदरा के विधायक अरूण चौधरी ने ग्रामीण क्षेत्र के पुरूषों और महिलाओं को विधान सभा दिखाने और उनसे मुलाकात का अवसर प्रदान करने के लिए विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का आभार व्यक्त किया।

उपभोक्ताओं को सुगमता से मिले बिजली संबंधी सेवाएं : आरती डोगरा

जयपुर। विद्युत वितरण निगमों की अध्यक्ष आरती डोगरा ने निचले स्तर तक निगम की उपभोक्ता सेवाओं को सुगम एवं प्रभावी बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नए बिजली कनेक्शन, ट्रांसफार्मर बदलने, लोड बढ़ाने, बिजली बिल में सुधार तथा निर्बाध बिजली आपूर्ति जैसी आमजन से जुड़ी सेवाओं में कोई कोताही नहीं हो। पूरी संवेदनशीलता के साथ ऐसे प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए।

डिस्कॉम्स चेयरमैन ने गुरूवार को चाकसू, निवाई, टोंक ए-प्रथम तथा हिंडोली एईएन कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान इस संबंध में अभियंताओं को यह निर्देश दिए। डोगरा ने संबंधित 33/11 केवी ग्रिड सब स्टेशनों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने रबी सीजन के अंतिम चरण तथा आगामी गर्मी में बिजली की संभावित डिमांड को देखते हुए डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर, केबल, रोस्टर स्विच, आइसोलेटर, वीसी ब्रेकर जैसे लाइन मैटेरियल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, ट्रिपिंग की समस्या वाले फीडरों में उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाने को कहा।

डिस्कॉम्स चेयरमैन आरती डोगरा ने गुरूवार को चाकसू, निवाई, टोंक ए-प्रथम तथा हिंडोली एईएन कार्यालयों का निरीक्षण किया।

डोगरा ने इस दौरान एईएन कार्यालयों में भंडार शाखा, उपभोक्ता शाखा, राजस्व एवं बिलिंग तथा संस्थापन शाखाओं से संबधित कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सहायक अभियंताओं एवं अन्य कार्मिकों से लंबित कनेक्शन आवेदनों की संख्या, निस्तारण में लगने वाले समय, भार वृद्धि के प्रकरणों, शत-प्रतिशत बिलिंग, डिफेक्टिव मीटर बदलने, बकाया राजस्व की वसूली आदि के संबंध में जानकारी ली और दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पीएम सूर्यघर निशुल्क बिजली योजना के तहत स्थापित रूफ टॉप सोलर की संख्या के बारे में भी जानकारी ली और इसे गति प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित वृत्त के अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता भी मौजूद रहे।

- चेयरमैन डिस्कॉम्स ने किया एईएन कार्यालयों का निरीक्षण

जाम से लोग परेशान

काम के चलते गांधी पथ अंडरपास बंद किया जिससे लगातार लंबा जाम लग रहा है।